# 37802 - रमज़ान में शनिवार और रविवार को काम करना

## प्रश्न

क्या हमारे लिए रमज़ान के महीने में शनिवार और रविवार को काम करना जायज़ है?

## विस्तृत उत्तर

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह तआला के लिए योग्य है।.

रमज़ान और रमज़ान के अलावा महीनों में सप्ताह के सभी दिनों में काम करना जायज़ है। मुसलमानों के लिए शनिवार और रविवार ऐसे दिन नहीं हैं जिनमें काम करना मना है।

मुसलमान की मुख्य चिंता अपनी नमाज़ और रोज़े की क़ीमत पर पैसा कमाना और काम करना नहीं होना चाहिए। इसलिए यदि कोई मुसलमान स्वयं को या दूसरों को नुकसान पहुँचाए बिना सांसारिक कामों को कम करने में सक्षम है, तो यह बुद्धिमानी है और यह एक सराहनीय बात है। ताकि मुसलमान इस महीने में रोज़ा, क़ियामुल्लैल (तरावीह) और क़ुरआन पढ़ने जैसी आज्ञाकारिता के कामों के लिए खुद को समर्पित कर सके।

और अल्लाह तआला ही सबसे अधिक ज्ञान रखता है।